## सार-समाचार

### दिगम्बर जैन चन्द्रोदय अतिशय क्षेत्र चांदखेड़ी में होंगे धार्मिक आयोजन

**कोटा, (निसं)।** आचार्य विद्यासागर महाराज के शिष्य सुधासागर महाराज के आशीर्वाद एवं प्रेरणा से एवं मुनि विशद सागर महाराज एवं मुनि शिव सागर महाराज के सानिध्य में खानपुर स्थित चांदखेड़ी में देवाधिदेव प्रथम तीर्थंकर आदिनाथ जन्म कल्याणक महोत्सव पर दो दिनों तक धर्म की गंगा प्रवाहित होगी। हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी खानपुर स्थित श्री आदिनाथ दिगम्बर जैन चन्द्रोदय अतिशय क्षेत्र चांदखेड़ी मंदिर में दो दिवसीय भव्य धार्मिक 22 व 23 मार्च को आयोजित होंगे। इस आयोजन में चांदखेड़ी क्षेत्र को भव्य रूप से सजाया जाएगा,पूरे चांदखेड़ी क्षेत्र में भव्य मेले जैसा माहौल रहेगा। श्री आदिनाथ दिगम्बर जैन चन्द्रोदय अतिशय क्षेत्र चांदखेड़ी के अध्यक्ष हुकम जैन काका ने बताया कि इस अवसर पर मंदिर में 22 व 23 मार्च को भव्य धार्मिक आयोजन होंगे। कार्यक्रमों की श्रृंखला में पहले दिन 22 अप्रेल को प्रातः 8 बजे चमत्कारी आदिनाथ भगवान की सवा 6 फुट अवगाहना की पद्मासन प्रतिमा का अभिषेक व शान्तिधारा होगी। तत्पश्चात प्रातः 10 बजे ध्वजारोहण व विधान कार्यक्रम होगा। इसी दिन दोपहर 11.30 बजे वात्सल्य भोज का आयोजन होगा। महामंत्री नरेश जैन वेद ने बताया कि 2 बजे साधारण सभा में विस्तृत चर्चा एवं वार्षिक प्रतिवेदन प्रस्तुत किया जाएगा। 22 मार्च को शाम को 8 बजे दिगम्बर जैन महिला महासमिति एवं दिगम्बर जैन मरूदेवी महिला मण्डल, खानपुर व अखिल भारतीय चन्द्रोदय जैन महिला परिषद, चांदखेड़ी द्वारा भव्य नृत्य नाटिका का आयोजन किया जायेगा। विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी जायेगी।

### महादेव मंदिर की दानपेटी पर किया हाथ साफ

**कोटा, (निसं)।** शहर में चोरों के हौसले लगातार बुलंद होते जा रहे है। चोर अब मंदिर व मस्जिदों को भी नही बख्श रहे है। बीते दिनो प्राचीन डाढ़देवी मंदिर व नयापुरा मे स्थित एक मस्जिद में चोरी की घटना के बाद चोर ने एक ओर आश्रम में स्थित महादेव मंदिर को निशाना बनाया। उद्योग नगर इलाके में आश्रम मे स्थित थेकड़ा मोटा महादेव मंदिर में मंगलवार रात्रि को अज्ञात चोर ने मंदिर में रखी दानपेटी पर हाथ साफ कर दानपेटी में रखी नगदी को लेकर फरार हो गया। वहीं चोरी की घटना का पूरा घटनाक्रम वहां लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हुआ। मंदिर समिति की ओर से चोरी की रिपोर्ट उद्योग नगर थाने में दर्ज कराई गई है। वही मंदिर में चोरी का मामला सामने आने के बाद पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच पड़ताल की। उद्योग नगर थानाधिकारी जितेन्द्र सिंह ने बताया कि मंदिर के मंहत ने रिपोर्ट दी है। रिपोर्ट में कहा कि अज्ञात चोर ने मंदिर में लगी दानपेटी को तोड़कर उसमे रखी नगदी ले गया। थानाधिकारी ने बताया कि फरियादी की रिपोर्ट पर मामला दर्ज कर अज्ञात चोर की तलाश की जा रही है।

### जिला स्तरीय विकसित भारत युवा संसद - 2025 का आयोजन

**कोटा, (निसं)।** राजकीय महाविद्यालय कोटा में आयुक्तालय कॉलेज शिक्षा राजस्थान जयपुर एवं क्षेत्रीय निदेशालय राष्ट्रीय सेवा योजना के निर्देशानुसार युवा नेतृत्व को बढ़ावा देने, युवाओं की आवाज को बढ़ाने, सार्वजनिक मुद्दों पर निर्णय लेने के कौशल और विविध विचारों के प्रति सहिष्णुता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से दो दिवसीय जिला स्तरीय राष्ट्रीय युवा संसद 2025 का शुभारम्भ 19 मार्च 2025 को प्राचार्य प्रो. प्रतिमा श्रीवास्तव, मुख्य अतिथि राजेश कृष्ण बिरला (अध्यक्ष इण्डियन रेडक्रोस सोसाइटी), विशिष्ट अतिथि सेवानिवृत्त भारतीय प्रशासनिक अधिकारी राकेश जायसवाल, सहायक निदेश कॉलेज शिक्षा कोटा परिक्षेत्र प्रो. वी.के. पंचोली, सचिन पाटोदिया जिला युवा अधिकारी नेहरू युवा केन्द्र कोटा के द्वारा मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण कर किया। इस कार्यक्रम में कोटा संभाग के कोटा, बून्दी, बारां, झालावाड़ जिलों के चुने हुये 150 विद्यार्थी भाग लेगें। कुल 150 प्रतिभागियों में से चयनित कुल 10 विद्यार्थियों को राज्य स्तर पर भाग लेने का अवसर प्राप्त होगा। 19 मार्च को बारां, बून्दी व झालावाड़ जिले के चुने हुये 55 विद्यार्थियों ने फिजिकल राउन्ड में एक राष्ट्र एक चुनाव विकसित भारत के लिये मार्ग प्रशस्त करना विषय पर अपने विचार व्यक्त किये।

### अनावश्यक ट्रेनों में चेन पुलिंग के विरुद्ध कोटा मंडल ने चलाया अभियान

**कोटा, (निसं)।** मंडल में डीआरएम अनिल कालरा के मार्गदर्शन, वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक एवं मंडल सुरक्षा आयुक्त के नेतृत्व में ट्रेनों में अनावश्यक रूप से चेन पुलिंग करने वाले यात्रियों पर शिकंजा कसा जा रहा है। मंडल के रेलवे सुरक्षा बलने सभी यात्रियों से अपील की है कि वे ट्रेन यात्रा के दौरान अलार्म चेन पुलिंग से बचें। इससे यात्रियों और रेलवे कर्मचारियों के लिए समस्याएँ उत्पन्न होने के साथ रेल परिचालन में भी व्यवधान उत्पन्न होता है। अलार्म चेन पुलिंग की अवैध और असुरक्षित आदत के खिलाफ रेलवे सुरक्षा बल द्वारा कदम उठाये जा रहे है, ताकि सभी यात्रियों की यात्रा सुरक्षित और आरामदायक हो सके। अलार्म चेन पुलिंग से ट्रेन की गति अचानक रुक जाती है, जो कि किसी दुर्घटना का कारण बन सकता है, इससे ट्रेन का समय बाधित होता है, जिससे अन्य यात्रियों को देरी हो सकती है। रेलवे को समय में विलंब और संचालन में रुकावट के कारण आर्थिक नुकसान होता है।

### प्रगति इन्टरनेशनल स्कूल मे ग्रेजुएशन सेरेमनी का आयोजन

**कोटा, (निसं)।** प्रगति इंटरनेशनल स्कूल पुलिस लाइन कोटा में बुधवार को एचकेजी से कक्षा एक में प्रवेश करने वाले छात्र-छात्राओं के लिए ग्रेजुएशन सेरेमनी का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विद्यालय में मुख्य अतिथि के रूप में कोटा के कमांडिंग ऑफिसर कॉरनल परवेज मुलाणी उपस्थित हुए। संस्थान के चेयरमेन डॉ. जफर मोहम्मद एवं मुख्य अतिथि द्वारा मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलित कर व माल्यार्पण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया ग्रेजुएशन सेरेमनी में कक्षा एक में प्रोमोट होने वाले छात्र-छात्राओं को ग्रेजुएशन गाउन व केप पहनाकर मुख्य अतिथि एवं चेयरमेन सर ने डिग्रीयाँ वितरित की। उपस्थित अभिभावक अपने नन्हे-मुन्हों को डिग्रीयाँ लेते देख बहुत प्रसन्नचित दिखे। समारोह मे बड़ी संख्या में उपस्थित अभिभावको मंच पर खेल भी खेला जिसमें विजेताओं प्रतिभागियों को तुरन्त उपहार दिये गये।

### रैली से दिया कोटा को टीबी मुक्त बनाने का संदेश

**कोटा, (निसं)।** टीबी मुक्त ग्राम पचांयत अभियान को लेकर चिकित्सा विभाग की ओर से जिले में जन जागरूकता की विभिन्न गतिविधियां की जा रही है। बुधवार को नर्सिंग छात्राओं की जिला स्तरीय टीबी मुक्त जागरूकता रैली निकाली गई। रैली को सुबह नयापुरा स्थित एएनएम ट्रेनिंग सेंटर से सीएमएचओ डॉ नरेन्द्र नागर, जिला क्षय रोग अधिकारी डॉ एसएन मीणा और एएनएम ट्रैनिंग सेंटर के प्राचार्य गजराज मीणा ने झण्डी दिखाकर रवाना किया। रैली में नर्सिंग छात्राएं टीबी रोग लक्षण, बचाव, रोकथाम संबधी जागरूकता के बेनर, पोस्टर व तख्तियां लेकर चल रही थी। रैली जेके लोन चिकित्सालय के सामने से गुजरकर नयापुरा मुख्य मार्ग से होकर वापस एएनएम ट्रेनिंग सेंटर पहुंचकर सम्पन्न हुई।

### बालाजी घटा पुलिया निर्माण का निरिक्षण किया

**छीपाबडौद।** सहजनपुर के पास बन रही राजस्थान ओर मध्यप्रदेश की सीमा पर करोड़ों की लागत से अंधेरी नदी की पुलिया निर्माण का अनुज भूपतसिह सिंघवी,भाजपा नेता श्याम कचनारिया ने निरीक्षण कर मोके पर संवेदक के प्रतिनिधि को ठीक तरीके से कार्य करवाने को कहा।यह प्रतिनिधि मंडल क्षेत्रिय विधायक प्रताप सिंह सिंघवी के निर्देश पर यहां पहुंचा था जो महत्वपूर्ण पुलिया निर्माण में गुणवत्ता से समझौता नहीं हो ईस चर्चा से यहां सार्थक परिणाम आने की उम्मीद हे। पूर्व सरपंच श्याम कचनारिया ने बताया कि उक्त पुलिया की अनेक वर्षों से क्षेत्रवासी मांग कर रहे थे,जिस पर राज्य सरकार ने ध्यान दें कर नो स्पान की आठ मीटर ऊंची पुलिया का निर्माण जोर शोर से जारी हे वहीं मध्यप्रदेश के चांचोडा विधायक प्रियंका पेंची से भी पुलिया से बांसाहेडा तक सड़क निर्माण हेतु चर्चा की।

# संभाग स्तरीय संगोष्ठी एवं जिला उपभोक्ता संरक्षण परिषद की बैठक

**कोटा, (निसं)।** विश्व उपभोक्ता दिवस के उपलक्ष्य में 15-21 मार्च तक मनाए जा रहे सप्ताह के अन्तर्गत बुधवार को कलेक्ट्रेट सभागार में भारतीय मानक एवं विभिन्न आयाम विषय पर संभाग स्तरीय संगोष्ठी एवं जिला उपभोक्ता संरक्षण परिषद की बैठक आयोजित की गयी।

संगोष्ठी की अध्यक्षता जिला उपभोक्ता विभाग प्रतितोष आयोग के अध्यक्ष अनुराग गौतम ने की। उन्होंने उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम, 2019 के विभिन्न प्रावधानों पर प्रकाश डालते हुए वर्तमान में उनकी उपयोगिता के बारे में जानकारी दी। भारतीय मानक ब्यूरो जयपुर से सदस्य राजेन्द्र मीणा ने भारतीय मानकों की आवश्यकता एवं महत्व के बारे में बताते हुए बीआईएस केयर ऐप, हाल मार्किंग आदि के बारे में बताया। सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण गीता चौधरी ने पीड़ित प्रतिकर विभागीय योजनाओं विशेष कर विधिक सहायता के बारे में बताया। साथ ही, पीड़ित को अनुतोष मिले इसके लिए स्वयंसेवी संगठन पहल करें। साइबर क्राइम के पेर्टन के विषय पर सुरेन्द्र कुमार ने मोबाईल व इन्टरनेट के सुरक्षित उपयोग के बारे में अवगत कराया। संभागीय उपभोक्ता संरक्षण अधिकारी जितेन्द्र कुमार ने उपभोक्ता सप्ताह की गतिविधियों की जानकारी देते हुए उत्पाद या सेवा का बिल लेने की बात कही। जिला उपभोक्ता विभाग प्रतितोष आयोग के सदस्य विरेन्द्र सिंह रावत, जिला रसद अधिकारी कार्तिकेय मीणा और कुशाल बिलाला सहित समस्त प्रवर्तन कार्मिकों ने भाग लिया। कार्यक्रम में परिवहन, यातायात, पुलिस, विद्युत विभाग, पोस्ट ऑफिस, ऑयल मार्केटिंग कम्पनी, गैस एजेन्सी, राशन डीलर व उपभोक्ता आंदोलन से जुड़े स्वयंसेवी संगठन और उनके प्रतिनिधियो ने चर्चा में भाग लिया। मंच संचालन यज्ञदत्त हाड़ा ने किया। संभागीय स्तरीय महासंघ प्रभारी एवं अन्त में पंकज शर्मा, चौयर पर्सन राज्य उपभोक्ता परामर्श केन्द्र ने धन्यवाद ज्ञापित किया।



संभाग स्तरीय संगोष्ठी एवं जिला उपभोक्ता संरक्षण परिषद की बैठक आयोजित हुई ।

# पर्ची के माध्यम से सदन में उठाया मामला

- **कांग्रेस ने स्मार्ट सिटी का पैसा सजावटी लाईटों में लगाया-संदीप शर्मा**
- **समयबद्ध क्रियान्वयन के लिए अधिकारियों की जिम्मेदारी तय हो**

**कोटा, (निसं)।** विधायक संदीप शर्मा ने बुधवार को पर्ची के माध्यम से सदन में स्मार्ट सिटी मिशन के अन्तर्गत प्रदेश के शहरों में अधूरे विकास कार्यो का मामला उठाते हुए कहा कि स्मार्ट सिटी योजना केन्द्र सरकार की महत्वाकांक्षी योजना थी जो भारत जैसे विकासशील देश के शहरों को 1.64 लाख करोड़ की लागत से अन्तर्राष्ट्रीय स्तर का बनाने की क्षमता रखती थी। लेकिन कांग्रेस राज में जरूरी कामों को छोड़कर सजावटी विकास के लिए पैसा खर्च कर दिया गया जिससे स्मार्ट सिटी योजना में प्रदेश के शहर पिछड़ गए। इसलिए अब इस योजना का काम शीघ्र पूर्ण किया जाये और ऐसे कामों को समय पर पूरा करने के लिए अधिकारियों की जिम्मेदारी तय की जाये।

उन्होंने कहा कि स्मार्ट सिटी योजना में पानी, बिजली, सड़क, कचरा प्रबंधन जैसी आधारभूत सुविधाओं की उपलब्धता के साथ ही आईटी पर भी पूरा ध्यान दिया गया था, पूरे शहर को सीसीटीवी केमरों के दायरे में लाना, एकीकृत कंट्रोल सेंटर से निगरानी करना, अपराध, बाढ़ और अन्य आपात स्थितियों में प्रबंधन जैसी आधुनिक सुविधाओं से शहरों को लेस किया जाना था, लेकिन पूर्ववर्ती शासन के 5 साल इस योजना के मूल स्वरूप को बिगाड़ने के अलावा कोई काम नहीं किया गया।

वहीं अधिकारियों ने भी अपने कर्त्तव्य का पालन करने के बजाय घोर लापरवाही बरती जिसके कारण आज प्रदेश में जयपुर, कोटा और अजमेर में इस योजना के कई कार्य लम्बित हैं। उन्होंने कहा कि शहरी क्षेत्र के स्थानीय जनप्रतिनिधियों विशेष रूप से विधायकों को इस योजना में सदस्य बनाया जाना था और उनसे भी सलाह ली जानी चाहिए थी लेकिन किसी को सदस्य नहीं बनाया कोई राय नहीं ली। इस योजना के पैसे का ऐसा दुरूपयोग किया गया है कि मन को पीड़ा होती है। योजना के कार्यों को सम्पन्न करने के बजाय सजावटी बिजली के खम्भे लगा दिए गए जिनकी लाईटें भी अब चालू नहीं हैं। मनमर्जी से अपने सपने साकार करने के लिए इस महत्वाकांक्षी योजना के पैसे का दुरुपयोग किया गया। इसकी जांच होनी चाहिए कि किस आधार पर इस योजना का पैसा अन्य सौंदर्यीकरण के कार्यों पर खर्च किया गया।उन्होंने खेद व्यक्त करते हुए कहा कि अब केन्द्र सरकार ने यह तय कर दिया है कि वो समय सीमा समाप्त होने के बाद इन लम्बित योजनाओं का पैसा नहीं देगी। योजना के तहत प्रदेश में अभी भी 13 परियोजनायें अधूरी है जिन पर 272 करोड़ रूपए खर्च होने हैं, यदि 31 मार्च तक यह कार्य पूरे नहीं होते हैं तो इस सारी राशि की देनदारी राज्य सरकार पर आ जाएगी। आगे भी ऐसी और योजनायें आयेंगी, फिर केन्द्र से पैसा आयेगा लेकिन जो अनियमिततायें और जो लापरवाही स्मार्ट सिटी योजना में हुई है और जनता को इसका लाभ नहीं मिल पाया, इसकी पुनरावृत्ति दुबारा नहीं होनी चाहिए।

## सुनील माथुर ने की लोकसभा अध्यक्ष से मुलाकात

**कोटा, (निसं)।** ग्रेटर कोटा प्रेस क्लब के अध्यक्ष सुनील माथुर एवं कार्यालय मंत्री हंसपाल यादव ने दिल्ली में लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला से मुलाकात की। दोनों पत्रकारों ने ग्रेटर कोटा प्रेस क्लब की ओर से लोकसभा स्पीकर ओम बिरला को कोटा में आयोजित होली मिलन समारोह के लिए आमंत्रित किया, जिसे लोकसभा अध्यक्ष बिरला ने सहर्ष स्वीकार करते हुए कार्यक्रम की स्वीकृति प्रदान की। दोनों पत्रकारों ने कोटा जिले के पत्रकारों एवं राजस्थान के पत्रकारों के लिए सार्थक मुद्दों पर उनसे चर्चा की। इसके साथ ही पत्रकारों के लिए पूर्ववर्ती सरकार में यूआईटी (वर्तमान में केडीए) द्वारा पत्रकारों के लिए चन्द्रेसल आवासीय योजना को लेकर भी बात की और जल्द ही पत्रकारों को भूखंड उपलब्ध कराए जाने की मांग की। बिरला ने आश्वस्थ किया कि राज्य सरकार के स्वायत शासन मंत्री एवं मुख्यमंत्री से इस मामले में वार्ता कर जल्दी पत्रकारों की समस्याओं का समाधान किया जाएगा। ग्रेटर कोटा प्रेस क्लब के अध्यक्ष सुनील माथुर ने बताया कि ग्रेटर कोटा प्रेस क्लब के द्वारा कोटा में होली स्नेह मिलन समारोह का कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा।

## आमसभा बैठक 22 को

**बारां।** प्रजापति विकास समिति के तत्वावधान में सामूहिक विवाह सम्मेलन आयोजित करने के लिए 22 मार्च को रात्रि 8 बजे देशी प्रजापति समाज चौरासी पंचायत की आमसभा बैठक चौमुखा बाजार स्थित भगवान श्रीराधाकृष्ण मंदिर पर होगी। यह निर्णय मंगलवार को अध्यक्ष ओमप्रकाश अपरोतिया की अध्यक्षता में हुई विकास समिति की बैठक में लिया गया। मीडिया प्रभारी मनीष प्रजापति एवं योगेश प्रजापति ने बताया कि बैठक में विभिन्न मुद्दों सहित मंदिर निर्माण को लेकर प्रस्तावित नक्शे पर चर्चा की गई। पदाधिकारियों व सदस्यों ने सामूहिक विवाह सम्मेलन से होने वाली बचत राशि को मंदिर निर्माणार्थ उपयोग में लेने का सुझाव दिया। चौरासी पंचायत एवं विकास समिति अध्यक्ष ओम प्रकाश अपरोतिया ने बताया कि आमसभा की बैठक के लिए सभी गांवों व नगर से समाज के सभी बंधुओ को आमंत्रित किया गया है। बैठक में चौथमल सरोया, रामस्वरूप सलवाडिया, श्यामसुंदर सलवाडिया, सत्यनारायण आदि समाज बंधु मौजूद थे।

## कलेक्टर ने की बजट घोषणाओं के क्रियान्वयन की समीक्षा

**बूंदी।** बजट घोषणा 2024-25 की प्रगति एवं बजट घोषणा 2025-26 के क्रियान्वयन के सबंध में बुधवार को जिला कलेक्टर अक्षय गोदारा की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक आयोजित की गई। उन्होंने बजट घोषणाओं के क्रियान्वयन तथा प्रगति की समीक्षा की एवं अधिकारियों को आवश्यक निर्देश प्रदान किये। जिला कलेक्टर ने निर्देश दिए कि राज्य सरकार की मंशानुरूप बजट घोषणाओं की अतिशीघ्र क्रियान्विति सुनिश्चित की जाए। उन्होंने बजट घोषणाओं की विभागवार समीक्षा की और प्रत्येक की स्थिति के बारे में जाना। जिला कलेक्टर ने निर्देश दिए कि बजट घोषणाओं के तहत स्वीकृत विभिन्न विकास कार्यों की डीपीआर बनवाकर उनके टेंडर जारी किए जावें। उन्होंने पेंच की बावड़ी से पगारा तक स्वीकृत सड़क निर्माण की वर्तमान स्थिति के बारे में जानकारी ली। उन्होंने वर्तमान बस स्टैंड की शिफ्टिंग को लेकर किए गए प्रयासों की जानकारी लेकर संबंधित अधिकारी को निर्देश दिए कि शिफ्टिंग प्रक्रिया को शीघ्र पूर्ण किया जावें। केशोरायपाटन में सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट, जैतसागर व नवलसागर से संबंधी बजट घोषणाओं की समीक्षा की। उन्होंने निर्देश दिए कि बजट घोषणाओं में स्वीकृत विभिन्न भवनों के लिए जमीन चयनित करके भूमि आवंटन के लिए शीघ्र प्रस्ताव भिजवाएं। उन्होंने संबंधित अधिकारी को निर्देश दिए कि सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र कापरेन के लिए जमीन का चयन कर शीघ्र प्रस्ताव भेंजे। उन्होंने निर्देश दिए कि अम्बेडकर छात्रावास, एनीकट निर्माण, पशु चिकित्सालय, रामसागर झील के विकास एवं सौन्दर्यकरण कार्य के लिए एस्टीमेट का प्रस्ताव बनवा कर भिजवाएं। उन्होंने कहा कि केशोरायपाटन में स्वीकृत अतिरिक्त जिला एवं सेशन न्यायालय एवं आवास के लिए संबंधित नगर पालिका जल्द जमीन का चयन करें। बैठक में अतिरिक्त जिला कलेक्टर सुदर्शन सिंह तोमर, मुख्य कार्यकारी अधिकारी जिला परिषद रवि वर्मा, सार्वजनिक निर्माण विभाग के अधीक्षण अभियंता इन्द्रजीत, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. ओपी सामर, नगर परिषद आयुक्त संतलाल मक्कड़ सहित अन्य विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी मौजूद रहे।

## शिविर 135 मरीज लाभान्वित

**कोटा, (निसं)।** राजकीय आयुर्वेद योग एवं प्राकृतिक चिकित्सा महाविद्यालय के शालाक्य तंत्र विभाग द्वारा बुधवार को निःशुल्क नेत्र रोग चिकित्सा एवं शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में 135 मरीज लाभान्वित हुए। इस शिविर में तिमिर कांच कैटरेक्ट आंखों से पानी आना खुजली होना आंखों का लाल होना डायबिटीज रेटिनोपैथी पर्दे में सूजन होना आदि मरीजों को देखा गया। क्रियाकल्प जैसे कि तर्पण, नेत्र पिंडी, विडालक, प्रक्षालन आदि कर्म करवाए गए। शिविर का शुभारंभ प्राचार्य नित्यानंद शर्मा द्वारा किया गया। शिविर आयोजन में डॉ अंजना शर्मा एवं डॉक्टर अनुराग दुबे द्वारा विशेष सहयोग किया गया। डॉ श्याम स्वरूप मीणा एवं डॉ संगीता चीता शालाक्य तंत्र विशेषज्ञ (नेत्र रोग विभाग) द्वारा रोगियों का परामर्श देकर उपचार किया गया। शिविर में आशीष जैन ऑप्टोमेट्रिस्ट के द्वारा सेवाएं दी गई। डॉ ज्ञानीराम, डॉ हरिनारायण, डॉ मीनाक्षी नागर, डॉ सरिता, डॉ अंजलि, डॉ सीमा, डॉ विनोद, डॉ हरिओम, डॉ उषा, डॉ रंगोली, डॉ ज्योति, डॉ अनुपमा आदि चिकित्सकों का सहयोग रहा।

# शहर की सफाई पर पड़ रहा असर, पर्यावरण को भी पहुंच रहा नुकसान

- **सरकार और प्रशासन द्वारा इस पर सख्ती से रोक लगाने के आदेश दिए गए हैं**

**छबड़ा।** शहर में पॉलीथिन के इस्तेमाल पर रोक लगाए जाने के बावजूद शहर की सड़कों और गली-मोहल्लों में इसका व्यापक इस्तेमाल जारी है। सरकार और प्रशासन द्वारा इस पर सख्ती से रोक लगाने के आदेश दिए गए हैं, लेकिन इसके बावजूद पॉलीथिन का उपयोग कम होने का नाम नहीं ले रहा है। इससे न केवल शहर की सफाई पर असर पड़ रहा है, बल्कि पर्यावरण को भी गंभीर नुकसान हो रहा है।

पॉलीथिन के इस्तेमाल पर रोक के लिए पालिका प्रशासन ने कई बार अभियान चलाया, लेकिन इसके बावजूद बाजारों, दुकानों और घरों में पॉलीथिन का उपयोग रुकने का नाम नहीं ले रहा है। छोटे व्यापारी, फल-सब्जी विक्रेता और यहां तक कि ग्राहक भी पॉलीथिन का इस्तेमाल करने से बाज नहीं आ रहे हैं। दुकानें और व्यापारियों द्वारा ग्राहकों को सामान देने के लिए पॉलीथिन बैग का इस्तेमाल किया जा रहा है, जिसके कारण शहर के विभिन्न हिस्सों में पॉलीथिन के ढेर लगे हुए हैं। गली-मोहल्लों में भी पॉलीथिन के पैकेट, बैग और बोतलें बिखरी हुई हैं, जो शहर के सौंदर्य को बिगाड़ रही हैं। यही नहीं, बारिश के मौसम में यह पॉलीथिन कचरा नालियों में जमा हो जाता है, जिससे जलभराव की समस्या भी उत्पन्न हो जाती है। अधिकारियों द्वारा पॉलीथिन के इस्तेमाल को रोकने के लिए अभियान चलाए, लेकिन पॉलीथिन की समस्या की जड़ पूरी तरह से खत्म नहीं हो पा रही है। प्रबुद्धजनों का कहना है कि नगर पालिका प्रशासन को इस दिशा में ठोस कदम उठाना चाहिए और व्यापक स्तर पर जागरूकता अभियान चलाने की आवश्यकता है, ताकि लोग पॉलीथिन का इस्तेमाल करने के बजाय पुनः प्रयोग योग्य बैग का इस्तेमाल करें। साथ ही, पॉलीथिन कचरे को नष्ट करने के लिए नगर पालिका को कचरा प्रबंधन की दिशा में कार्य करने की जरूरत है। यह पालिका प्रशासन की जिमेदारी नहीं बल्कि समाज के सभी वर्गों को इस अपनी भूमिका निभानी होगी। इस मामले में कार्यवाहक ईओ यादवेंद्र यादव का कहना कि पॉलिथीन कैरीबैग की रोकथाम के लिए विशेष अभियान चलाया जाएगा और इसका प्रयोग करने वालो के खिलाफ नियमानुसार कार्यवाही की जाएगी।

## अधिवेषन 23 को बारां में

**बारां।** जर्नलिस्ट एसोसिएषन ऑफ राजस्थान (जार) का आठवा जिला अधिवेषन 23 मार्च रविवार को शहर के सौभाग्यश्री मैरिज हाल में आयोजित किया जा रहा है जिसमें राज्य के कई प्रमुख पत्रकारों के भाग लेने की स्वीकृति मिल गई है। जार के जिलाध्यक्ष ललितमोहन खण्डेलवाल, जिला महामंत्री रितेश शर्मा, लक्ष्मीचन्द नागर, कोषाध्यक्ष नीरज पोरवाल ने बताया कि जर्नलिस्ट एसोसिएषन ऑफ राजस्थान के आठवे जिला अधिवेषन की तैयारियां जोर-शोर से चल रही है। जिले के छबडा, छीपाबडौद, अटरू, शाहबाद, समरानियां, कस्बाथाना, मांगरोल, सीसवाली, सारथल, हरनावदा शाहजी सहित कई ग्रामीण एवं कस्बाई क्षेत्रों के 120 से अधिक पत्रकारों ने सम्मेलन में पधारने की स्वीकृति दी है।


बैंक ऑफ़ बड़ौदा Bank of Baroda 117

झालावाड़ रोड शाखा, कोटड़ी चौराहा, कोटा, राजस्थान-324007, फोन नं.: 0744-2391880, 2391087, 2391330, ई-मेल: kotraj@bankofbaroda.co.in

**लॉकर धारक को नोटिस**

यह उन मूल्यवान संरक्षकों की जानकारी के लिए है जिन्होंने बैंक की शाखा में लॉकर किराये पर लिया हैं और समय पर किराये का भुगतान नहीं किया है, बैंक के दिशानिर्देशों के अनुसार किरायेदार को उनके रिकॉर्ड किए गए पते पर नोटिस भेजा गया लेकिन कोई प्रतिक्रिया प्राप्त नहीं हुई। अब यह अंतिम नोटिस नीचे नामित व्यक्ति को संबंधित शाखा झालावाड़ रोड से संपर्क करने और 90 दिनों की अवधि अर्थात दिनांक 18.06.2025 के भीतर बैंक की बकाया राशि को चुकाने के लिए दिया जाता है, ऐसा न करने पर बैंक अपने खर्चे, जोखिम और जिम्मेदारी पर लॉकर को खोलने के लिए आगे बढ़ेगा। और बैंक बकाया किराया, लागत और अन्य शुल्कों की वसूली के लिए मालसूची पर धारणाधिकार के अपने अधिकार का प्रयोग करेगा।

| क्र. सं. | लॉकर धारक के नाम सहित संयुक्त धारक | लॉकर धारक का पता | लॉकर सं. और प्रकार | दिनांक से अतिदेय |
|---|---|---|---|---|
| 1 | एस सी मिश्रा एण्ड सन्स | 281, प्रताप नगर, कोटा, राजस्थान 324009 | पुराना गुमानपुरा 10033 नया 0837AX0784 | 18.07.2021 |
| 2 | एस सी मिश्रा एण्ड सन्स | 281, प्रताप नगर, कोटा, राजस्थान 324009 | पुराना गुमानपुरा 10042 नया 0837AX0793 | 17.07.2021 |

दिनांक: 19.03.2025
स्थान: कोटा
हस्ता. प्राधिकृत अधिकारी बैंक ऑफ बड़ौदा

**कार्यालय कोटा विकास प्राधिकरण, कोटा**

क्रमांकः-एफ-15/कृ.भू.रू./2025/3762 **विज्ञप्ति** दिनांकः-19.3.2025

सर्व साधारण को जर्ये विज्ञप्ति सूचित किया जाता है कि ग्राम मानपुरा में स्थित कृषि भूमि योजना प्रोफेसर कालोनी भूखंड संख्या 29ए/2 खसरा नं. 231 आवेदक/आवेदिका श्री रमेश चंद जैन पुत्र स्व. श्री मदन लाल जैन एवं कान्ती जैन पत्नी श्री रमेश चंद जैन एवं मोनिका जैन पत्नी स्व. श्री सुनील जैन एवं देवाशीष जैन (नाबालिक) पुत्र स्व. श्री सुनील जैन निवासी 135-ए शक्ति नगर दादाबाड़ी कोटा राज. द्वारा ऑनलाईन नाम हस्तान्तरण हेतु प्राधिकरण कार्यालय में आवेदन प्रस्तुत किया गया है। उक्त भूखंड का पट्टा क्रमांक 601 दिनांक 31.12.2015 को श्री घनश्याम पुत्र श्री मंगललाल के पक्ष में जारी किया गया था। पट्टाधारी द्वारा उक्त भूखंड का बैचान जर्ये रजि. विक्रय पत्र दिनांक 25.05.2017 को श्री सुनील जैन पुत्र श्री रमेशचंद जैन व श्री रमेशचंद जैन पुत्र स्व. श्री मदनलाल जैन के पक्ष में किया गया। सहक्रेता सुनील जैन की मृत्यु प्रमाण पत्र अनुसार दिनांक 10.11.2021 को हो चुकी है। मृतक के विधिक वारिसान पिता रमेशचंद, माता, कान्ती जैन, पत्नी मोनिका जैन पुत्र देवाशीष जैन (नाबालिक) है।

अतः श्री रमेश चंद जैन पुत्र स्व. श्री मदन लाल जैन एवं कान्ती जैन पत्नी श्री रमेश चंद जैन एवं मोनिका जैन पत्नी स्व. श्री सुनील जैन एवं देवाशीष जैन (नाबालिक) पुत्र स्व. श्री सुनील जैन के पक्ष में नाम हस्तान्तरण जारी किये जाने में यदि किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो अन्दर 7 योम कार्यालय में उपस्थित होकर अथवा लिखित में अद्योहस्ताक्षरकर्ता को प्रस्तुत करें। मियाद गुजर जाने के बाद आपत्ति मान्य नही होगी।

उपायुक्त कोटा विकास प्राधिकरण, कोटा

**कार्यालय कोटा विकास प्राधिकरण, कोटा**

क्रमांकः-एफ11 विक्रय/2025/1227 दिनांकः-18.3.25

**नाम हस्तान्तरण चाहने बाबत आम सूचना**

नगर विकास न्यास कोटा द्वारा भूखंड संख्या 73 डिस्ट्रिक्ट सेन्टर व्यावसायिक योजना में आवंटन पत्र क्रमांक 2044 दिनांक 28.12.2002 को मैसर्स अग्रवाल एण्ड कम्पनी जर्ये पार्टनर श्री अनिल कुमार अग्रवाल पुत्र श्री फूल चन्द अग्रवाल के नाम आवंटन किया गया था। मैसर्स अग्रवाल एण्ड कम्पनी जर्ये पार्टनर श्री अनिल कुमार अग्रवाल पुत्र श्री फूल चन्द अग्रवाल जर्ये मुख्तारआम श्री जुगल किशोर अग्रवाल पुत्र श्री नत्थूराम द्वारा उक्त भूखंड जर्ये रजिस्टर्ड विक्रय पत्र दिनांक 01.05.2004 को श्रीमती वन्दना छाबड़ा पत्नी श्री आर.पी. छाबड़ा को विक्रय कर दिया गया था। श्रीमती वन्दना छाबड़ा पत्नी श्री आर.पी. छाबड़ा द्वारा न्यास की अनुमति एवं नामहस्तांतरण किए बिना जर्ये मुख्तारआम श्री सुरेश कुमार पोरवाल पुत्र श्री राम कल्याण जैन द्वारा जर्ये रजिस्टर्ड विक्रय पत्र दिनांक 03.06.2015 को श्रीमती गायत्री पोरवाल पत्नी श्री सुरेश कुमार पोरवाल को विक्रय कर दिया गया है। अतः श्रीमती गायत्री पोरवाल पत्नी श्री सुरेश कुमार पोरवाल द्वारा उक्त भूखंड का स्वामित्व अपने नाम से नामहस्तान्तरण करने हेतु न्यास में आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

अतः जरिये आम सूचित किया जाता है कि यदि इस नाम हस्तान्तरण की स्वीकृति देने में किसी को भी कोई ऐतराज हो तो विज्ञप्ति जारी होने के 7 दिवस के अन्दर अन्दर अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर दें, अन्यथा मियाद गुजरने के पश्चात उक्त भूखंड संख्या 73 डिस्ट्रिक्ट सेन्टर व्यावसायिक योजना का नाम हस्तान्तरण श्रीमती गायत्री पोरवाल पत्नी श्री सुरेश कुमार पोरवाल के नाम स्वीकृति जारी कर दी जावेगी।

उपसचिव कोटा विकास प्राधिकरण कोटा

**कार्यालय नगर निगम, कोटा-दक्षिण, कोटा, राजस्थान**

क्रमांकः-ननिको-द./उपायुक्त जोन द्वितीय/भ.नि.अनु./2025/19045-46 दिनांक: 19.3.25

**स्वामित्व हस्तांतरण बाबत सार्वजनिक विज्ञप्ति**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्री सुधीर सोनी पुत्र श्री सत्यप्रकाश सोनी निवासी भूखंड संख्या 519-ए महावीर नगर द्वितीय योजना कोटा दक्षिण द्वारा आवेदन प्रस्तुत कर भूखंड संख्या 519-ए महावीर नगर द्वितीय योजना कोटा क्षेत्रफल 983 वर्गफुट का स्वामित्व स्वयं के नाम हस्तांतरण करने का आवेदन किया है। भूखंड संख्या 519-ए महावीर नगर द्वितीय योजना कोटा क्षेत्रफल 983 वर्गफुट का आवंटन कार्यालय नगर विकास न्यास कोटा के पत्र क्रमांक एफ (100)आवंटन/न.वि.न्या./76 दिनांक 04.06.1976 व लीज डीड क्रमांक 560 दिनांक 28.03.1991 से श्री सतेन्द्र कुमार चावला पुत्र श्री रामलाल चावला को किया गया है। श्री सत्येन्द्र कुमार चावला द्वारा नोटेरीशुदा वसीयत नामा दिनांक 17.12.1987 से उक्त भूखंड की वसीयत श्रीमती सुशीला देवी पत्नी श्री सत्यप्रकाश सोनी को की गई है। प्रस्तुत दस्तावेजों अनुसार श्री सतेन्द्र कुमार चावला की मृत्यु दिनांक 05.04.2021 को हो चुकी है। श्रीमती सुशीला देवी पत्नी श्री सत्यप्रकाश सोनी द्वारा पंजीकृत वसीयतनामा दिनांक 19.01.2025 से उक्त भूखंड 519-ए महावीर नगर द्वितीय कोटा की वसीयत आवेदक श्री सुधीर सोनी पुत्र स्व. श्री सत्यप्रकाश सोनी के पक्ष में की गई है। श्रीमती सुशीला देवी की मृत्यु दिनांक 02.02.2025 को हो जाने के उपरांत आवेदक द्वारा उक्त भूखंड 519-ए महावीर नगर द्वितीय कोटा का नामांतरण पंजीकृत वसीयतनामा दिनांक 19.01.2025 के आधार पर चाहा गया है। उक्त भूखंड संख्या 519-ए महावीर नगर द्वितीय योजना आवेदक द्वारा प्रस्तुत आवेदन अनुसार नगर निगम कोटा दक्षिण उक्त भूखंड के स्वामित्व नाम हस्तांतरण की कार्यवाही की जा रही है।

उक्त भूखंड का स्वामित्व नाम हस्तान्तरण करने में किसी व्यक्ति, संस्था या अन्य किसी को भी उक्त भूखंड से संबंध रखता है, को कोई आपत्ति हो तो विज्ञप्ति जारी होने के 07 दिवस में अपनी आपत्ति लिखित में उपायुक्त द्वितीय कक्ष में प्रस्तुत करें। बाद मियाद आपत्ति मान्य नहीं होगी।

उपायुक्त नगर निगम कोटा दक्षिण

**न्यूक्लियर पावर कारपोरेशन ऑफ इण्डिया लिमिटेड**
**NUCLEAR POWER CORPORATION OF INDIA LIMITED**
(भारत सरकार का उद्यम) (A Government of India Enterprise)
रावतभाटा राजस्थान साइट Rawatbhata Rajasthan Site

**अभिरुचि की अभिव्यक्ति**
**Expression of Interest**

रावतभाटा राजस्थान साइट, न्यूक्लियर पॉवर कॉर्पोरेशन ऑफ इण्डिया लिमिटेड अपने एनपीसीआईएल, भारी पानी सयंत्र (को), परमाणु उर्जा केन्द्रीय विद्यालय, के.औ.सु.ब, नाभिकीय ईधन. सम्मिश्र, बी.आर.आई.टी. इत्यादि के सेवारत एवं सेवानिवृत्त कार्मिकों एवं उनके परिवारजनों (लगभग 16000 लाभार्थियों) को सर्वोत्तम चिकित्सालय सुविधा उपलब्ध कराने हेतु प्रतिबद्ध है।

NPCIL Rawatbhata Rajasthan Site is committed to cater best health services to its employees & their family dependents (16000 approx.) CHSS beneficiaries of NPCIL, HWP, AECS, CISF, NFC, BRIT etc.

आरएपीएस चिकित्सालय के सीएचएसएस लाभार्थीयो को सर्वोत्तम चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने के लिए कोटा क्षेत्र के विजिटिंग कंसल्टेंट से न्यूरोलाजिस्ट, चर्मरोग विशेषज्ञ, स्पीच थेरेपिस्ट, ऑक्यूपेशनल थेरेपिस्ट, बिहेवियरल थेरेपिस्ट चिकित्सक से अभिरुचि की अभिव्यक्ति आमंत्रित की जाती है। न्यूनतम अर्हता अनुभव निम्नानुसार है।

To provide best medical services to its CHSS beneficiaries RAPS, NPCIL Hospital invites application from interested medical professionals for Neurologist, Dermatologist, Speech therapist, Occupational Therapist and Behavioral Therapist against expression of interest for visiting consultants. Minimum qualification is as under.

| क्रम. सं. | विशेषज्ञ Visiting Consultant | न्यूनतम योग्यता Minimum Qualification |
|---|---|---|
| 1. | न्यूरोलाजिस्ट Neurologist | स्नातकोतर/डीएम/डीएनबी Post Graduate /DM/DNB |
| 2. | चर्म रोग विशेषज्ञ Dermatologist | स्नातकोतर/डीएनबी Post Graduate / DNB |
| 3. | स्पीच थेरेपिस्ट Speech Therapist | स्नातक/स्नातकोतर Graduate/Post Graduate |
| 4. | ऑक्यूपेशनल थेरेपिस्ट Occupational Therapist | स्नातक/स्नातकोतर Graduate/Post Graduate |
| 5. | बिहेवियरल थेरेपिस्ट Behavioral Therapist | स्नातक/स्नातकोतर Graduate/Post Graduate |

पार्टियां/व्यक्ति, जो एनपीसीआईएल, रापबिघ चिकित्सालय में 3 वर्ष की अवधि के लिए अपनी सेवाएँ उपलब्ध करवाने के लिए इच्छुक है वे इस ईओआई के जारी होने के 15 दिनों के भीतर मा.सं. अनुभाग, रापबिघ चिकित्सालय रावतभाटा से किसी भी कार्य दिवस पर 11:00 बजे से 17:00 बजे के दौरान व्यक्तिगत रूप से आवेदन पत्र प्राप्त कर सकते है अथवा इसे वेबसाइट http://npcil.nic.in/main/expression_of_interest.aspx से डाउनलोड किया जा सकता है।

Parties/person who are willing to extend their services to RAPS, NPCIL Hospital, for a period of 3 years may obtain the application form from RAPS Hospital HR Section, within 15 days from the date of issue of EOI. On any working day from 11:00 hrs. to 17:00 hrs. You can collect the application form in person during the visit or can be downloaded from website http://npcil.nic.in/main/expression_of_interest.aspx

विधिवत भरे हुए आवेदन पत्र सील बंद लिफाफे में उप प्रबंधक (मा.सं.) कार्यालय, आरएपीएस चिकित्सालय, डाक-भाभानगर, वाया कोटा, राजस्थान पिन-323307 में, अभिरुचि की अभिव्यक्ति के प्रकाशन के 30 दिनों के अन्तर्गत किसी भी कार्यदिवस में सांय 17:00 बजे तक अनिवार्य रूप से पहुँच जाने चाहिए। चिकित्सालय एम्पेनेल्मेंट कमेटी को किसी एक अथवा समस्त ईओआई को बिना कोई कारण बताए निरस्त करने के समस्त अधिकार प्राप्त है।

Duly filled in Application form should be sent in a sealed envelope to Deputy Manager(HR) Office, RAPS Hospital, Post-Bhabhanagar, Via Kota, Rajasthan Pin-323307 & must reach within 30 days from publication of this notice on any working day up to 17:00 hrs., RR Site Hospital Empanelment Committee has the authority to reject any or all the EOIs without assigning any reasons thereof.

CBC 48157/12/0005/2425 चिकित्सा अधीक्षक Medical Superintendent

**NAME CHANGE**

I, SWATI PAREEK, residing at 511, Shastri Nagar, Dadabari, Kota (Rajasthan), do hereby declare that I have changed my name from SWATI BAWA to SWATI PAREEK. Henceforth, I shall be known and recognized by my new name for all legal and official purposes

**नाम परिवर्तन**

मैंने अपना पुराना नाम विश्वास कुमार से बदलकर नया नाम विश्वास कुमार गुप्ता रख लिया है। भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना पहचाना जावे।

**पता-विश्वास कुमार गुप्ता पुत्र प्रकाश चन्द गुप्ता 24/46 कृष्णा नगर रंगबाड़ी कोटा**

**नाम परिवर्तन**

मैं हुसैन अली (अव्यस्क के पिता) मैंने अपने पुत्र हातिम अली हेदरी का नाम बदलकर नया नाम हातिम हेदरी रख दिया है। भविष्य में मेरे पुत्र को हातिम हेदरी के नाम से जाना पहचाना जावे।

**पता-हातिम हेदरी पुत्र हुसैन अली टिपका पार्क के पीछे टिपटा कोटा**

